# <u>जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर</u>

## रामनवमी शोभा यात्रा 13.04.2019




रामनवमी शोभा यात्रा 13.04.2019 शनिवार जयपुर में रियासत के समय से ही रामनवमी जन्माष्टमी व गणेश चतुर्थी पर शहर परकोटे में तत्सबंधी आराध्य की शोभा यात्रा मुख्य बाजारों से निकाले जाने की परम्परा रही है। शहर वासियों की सहभागिता व धार्मिक आस्था के साथ दर्शनार्थ उमडना इन शोभा यात्राओं की लोक प्रियता का पर्याप्त प्रमाण है। राम कृष्ण जंयती महोत्सव समिति ट्रस्ट द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर श्री अलबेली माधुरीशरण जी महाराज के सानिध्य में निकाली गई। श्री राम शोभा यात्रा में जयपुर भार्गव सभा, भार्गव महिला सभा, भार्गव युवा संध एंव राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा के सहयोग से सभी ने बडे उत्साह से भाग लिया। शहर के प्रमुख बाजारों सूरज पोल, रामगज बाजार, बड़ी चौपड, जौहरी बाजार, चाँदपोल बाजार एंव बापू बाजार इत्यादि से निकलने वाली इस शोभा यात्रा में बग्गी अथ्वा जीप पर रथ की सुन्दर आकृति दी गई थी। इनमें एक बग्गी पर भार्गव समाज के धार्मिक आस्था के प्रतीक स्वामी चरण दास जी व श्री शुकदेव जी महाराज के चित्र स्थापित किए गए थे। भार्गव समाज द्वारा पूरी यात्रा के दौरान प्रसाद का वितरण किया गया। जौहरी बाजार में जयपुर भार्गव समुदाय के सदस्यों द्वारा रथ को रोककर महाआरती का अयोजन किया गया। इसके साथ सभी महिलाओं ने श्री राम जी के भंजन गाये। धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक बन चुकी श्री राम शोभा यात्रा में स्वामी चरण दास जी व श्री षुकदेव जी महाराज की रथ य़ात्रा से जन साधारण उनके परिचय जान भार्गव जाति के वैभव पूर्ण इतिहास स़े रूबरू हुए । भार्गव जाति के धार्मिक व भक्ति रस के सुन्दर पक्ष को जन साधारण का विषय बनाने में जयपुर भार्गव सभा का श्री राम शोभा यात्रा का हिस्सा बनना एक महत्वपूर्ण व दूरगामी परिणाम देने वाला कार्यक्रम रहा।

**मुकेश कुमार भार्गव**
**सचिव**
**जयपुर भार्गव सभा**